मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 2007 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 22 फरवरी, 2007 (फाल्गुन 3, 1928)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्रीमंत यशोधरा राजे सिंधिया, पर्यटन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित का 26 वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2003-2004 पटल पर रखेंगी.

(2) श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, राज्यमंत्री खनिज साधन, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619-क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार -

(क) मैंगनीज ओर (इंडिया) लिमिटेड की 44 वीं वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2005-2006; तथा

(ख) दि मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड, भोपाल का 43वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2005-2006,

पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री करण सिंह वर्मा, सदस्य, सीहोर जिले के इछावर क्षेत्र में जले एवं बिगड़े विद्युत ट्रान्सफार्मर न बदले जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. निशिथ पटेल, श्रीमती सरोज बच्चन नायक, सदस्य, कटनी जिले में अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से पान की फसल नष्ट होने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री ज्ञान सिंह, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का चौदहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे कि -

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के चौदहवें प्रतिवेदन से सहमत है".

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के -

(क) ग्राम नरौल के शासकीय माध्यमिक विद्यालय की बाउन्ड्री वाल बनाये जाने,

(ख) ग्राम कुम्हरोल में मिरगा नदी पर पुलिया कम रपटा बनाये जाने,

(ग) ग्राम कुम्हरोल से सौंसरा तक पहुंच मार्ग बनाये जाने,

(घ) नगर पंचायत मिहोना में बायपास मार्ग बनाये जाने,

(ङ) नगर पंचायत दबोह में बायपास मार्ग बनाये जाने, तथा

(च) लहार नगर के वार्डों में विद्युत तार बदले जाने,

(2) श्री ध्रुव प्रताप सिंह (दीपक भैया), सदस्य, कटनी जिले के ग्राम कुठिया, मोहगांव एवं बुजबुजा में हाई स्कूल खोले जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

6. शासकीय विधि विषयक कार्य

श्री जगदीश देवड़ा, श्रम मंत्री, मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध (संशोधन) विधेयक, 2007 (क्रमांक 1 सन् 2007) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

7. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्रीमती सुधा जैन, सदस्य, द्वारा दिनांक 19 फरवरी, 2007 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा का पुनर्ग्रहण.

" राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं".

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 21 फरवरी, 2007